पर्व | शहर के चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर, रंग-अबीर, गुलाल और मुखौटे खरीदने उमड़ी भीड़

# जिले में विधि विधान से किया गया होलिका दहन

**अनूपपुर, नवभारत। अनूपपुर जिले में रंगों के महापर्व होली की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस पर्व की शुरुआत सोमवार से हो गई है। जिले में इस वर्ष कुल 456 होलिकाओं का निर्माण किया गया है, जिनमें 316 छोटी और 140 बड़ी होलिकाएं शामिल रहीं।**

सोमवार की रात शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विधि-विधान से होलिका दहन किया गया। ग्रामीण इलाकों में महिलाओं द्वारा घरों की साफ-सफाई, लिपाई-पुताई की गई, वहीं दूसरी ओर बाजारों में भी होली को लेकर जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। पिचकारी, रंग-अबीर, गुलाल, मुखौटे और अन्य पर्व सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।





### ग्रहण के कारण तिथि को लेकर असमंजस

इस वर्ष 3 मार्च को चंद्र ग्रहण लगने के कारण होली खेलने की तिथि को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 2 मार्च की शाम लगभग 5.45 बजे से प्रारंभ होकर 3 मार्च की शाम तक रहेगी। 3 मार्च को दोपहर करीब 3.22 बजे से शाम 6.47 बजे तक चंद्र ग्रहण रहेगा, वहीं इसके 9 घंटे पूर्व सूतक काल शुरू हो जाएगा। ज्योतिषाचार्यों और विद्वान पंडितों का मानना है कि सूतक और ग्रहण काल में होली खेलना शुभ नहीं माना जाता, इसलिए रंगों की होली 4 मार्च को खेलना अधिक शुभ रहेगा।

### सूतक काल में बरतें सावधानी


सूतक और ग्रहण काल के दौरान पका हुआ भोजन ग्रहण नहीं करना चाहिए। खाद्य पदार्थों में तुलसी दल या कुशा डालकर रखने से उन्हें शुद्ध माना जाता है। इस दौरान पूजा-पाठ और मूर्ति स्पर्श से बचने की सलाह दी गई है। ग्रहण समाप्त होने के बाद स्नान-दान कर घर का शुद्धिकरण करना चाहिए।

### बच्चों में दिखा खास उत्साह

होलिका दहन के बाद 3 मार्च को बच्चों की होली की शुरुआत होगी। सुबह से ही बच्चों की टोलियां रंग-गुलाल लेकर नगर और मोहल्लों में भ्रमण करेंगी। मुखौटे पहनकर बच्चे लोगों को रंग लगाते हुए त्यौहार की खुशियां बांटते नजर आएंगे।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रही। जिले में अतिरिक्त पुलिस बल सहित करीब 150 जवानों की तैनाती की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग टीम लगातार गश्त करती रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि होली के दौरान हुड़दंग, जबरन रंग डालने, शराब पीकर वाहन चलान वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## जैतहरी वन परिक्षेत्र में हाथियों का आतंक बढ़ा, वन विभाग हाई अलर्ट पर

**अनूपपुर, नवभारत।** अनूपपुर जिले के जैतहरी वन परिक्षेत्र में हाथियों की गतिविधि लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार-सोमवार की रात छत्तीसगढ़ के मरवाही वन क्षेत्र से एक और हाथी के प्रवेश करने के बाद जिले में हाथियों की कुल संख्या चार हो गई है। चौथे हाथी के पहुंचने के बाद वन विभाग हाई अलर्ट पर है।

सभी हाथी धनगवां के जंगलों में विचरण कर रहे हैं, जिससे आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। वन विभाग के अनुसार हाथियों का यह दल पिछले करीब 70 दिनों से आरएफ 337 और 338 क्षेत्र को अपना ठिकाना बनाए हुए है। घने जंगल, पर्याप्त पानी और भोजन की उपलब्धता के कारण हाथी बार-बार इसी इलाके में लौट रहे हैं।

### हाथियों के हमले में तीन लोगों की अब तक मौत हो चुकी

हाल ही में हाथियों के हमले में तीन लोगों की मौत हो चुकी है और किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। रविवार रात तीन हाथी कुकुरगोंड़ा के बेल्हाटोला में फसल खाने पहुंचे थे, जिन्हें ग्रामीणों ने शोर मचाकर हुडरीडुगरी जंगल की ओर खदेड़ दिया। चौथे हाथी के आने से वन विभाग की चिंता और बढ़ गई है। विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए प्रभावित गांवों में जागरूकता अभियान शुरू किया है।

## रेल सुविधाओं को लेकर जिला विकास मंच सक्रिय





▸ यात्री सुविधाओं को लेकर सांसद हिमाद्री सिंह को सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर, नवभारत 2 मार्च।** सीआईसी अंचल में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर जिला विकास मंच के संयोजक वासुदेव चटर्जी (एडवोकेट) ने सांसद हिमाद्री सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित स्टॉपेज कार्यक्रम के दौरान दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि बिलासपुर-अनूपपुर-कटनी तथा सीआईसी रेल सेक्शन अंबिकापुर-चिरमिरी क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग लंबे समय से स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाती रही है।

### हमसफर एक्सप्रेस को समय पर संचालित किया जाए

ज्ञापन में कहा गया कि रानी कमलावती-सातरागांछी एक्सप्रेस और जबलपुर-सातरागांछी हमसफर एक्सप्रेस रैक शेयरिंग के कारण लगातार 8-10 घंटे देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। इन्हें समय पर संचालित करने की मांग की गई। इसके अलावा पुरी-बलसाड़ एक्सप्रेस का विस्तार मुंबई तक कर सप्ताह में तीन दिन चलाया जाए।

### स्टेशन परिसर में क्लॉक रूम बनाया जाए

यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग में स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की कमी का भी मुद्दा उठाया गया, जिसमें बंद पड़े एसबीआई एटीएम को पुनः चालू किए जाने, स्टेशन परिसर में क्लॉक रूम बनाये जाने, अमरकंटक व राजेंद्रग्राम में पीआरएस सेंटर फिर शुरू किए जाने, अमृत भारत योजना के तहत लंबित निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किए जाने की मांग की।

### संस्कारधानी में समरसता की होली 8 मार्च को

**नवभारत, जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में रंगपंचमी के अवसर पर तीसरे वर्ष 'समरसता की होली' का आयोजन 8 मार्च, रविवार को जबलपुर में किया जाएगा।आयोजन को लेकर सर्व समाज के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक संपन्न हुई। संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि दोपहर 3 बजे समरंग यात्रा कलेही माता मंदिर मिलोनीगंज से प्रारंभ होकर छोटा फुहारा, कोतवाली, सराफा, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक होते हुए डी एन जैन कॉलेज प्रांगण पहुंचेगी, जहां होली महोत्सव आयोजित होगा। यात्रा में अवध, ब्रज और मसान की होली की झांकियां तथा इस्कॉन मंदिर संकीर्तन मंडल शामिल होंगे।

## रेलवे स्टेशन में अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग

**निर्धारित पार्किंग स्थल के अतिरिक्त पूरे स्टेशन परिसर में की गई है बेरिकेडिंग**

**अनूपपुर, नवभारत 2 मार्च।** रेलवे स्टेशन परिसर में पार्किंग ठेकेदार द्वारा कथित रूप से अवैध बेरीकेडिंग लगाकर की जा रही वसूली को लेकर जनप्रतिनिधियों ने कड़ा विरोध जताया है।

इस संबंध में पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राम खेलावन राठौर तथा जनपद जैतहरी के अध्यक्ष राजीव सिंह ने मुख्य स्टेशन अधीक्षक एम.पी. शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर पर ठेकेदार के अज्ञात लोगों द्वारा अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। रेलवे द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थल के अतिरिक्त पूरे स्टेशन परिसर में बांस-बल्ली और बेरीकेड्स लगाकर आम जनता के आवागमन में बाधा उत्पन्न कर दी गई है।



**बेरिकेडिंग लगाकर दिव्यांगों का मार्ग किया बंद**

बताया गया कि प्लेटफॉर्म क्रमांक 3 और 4 तक दिव्यांगजनों के लिए बनाए गए मार्ग को भी बेरीकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा कई अज्ञात व्यक्तियों को शुल्क वसूली के लिए लगाया गया है, जिनके पास न तो कोई वैध पहचान पत्र है और न ही पुलिस सत्यापन। ये लोग समूह बनाकर यात्रियों और आम नागरिकों को डरा-धमकाकर पार्किंग शुल्क वसूल रहे हैं।

### अवांछित तत्वों को पार्किंग शुल्क वसूली से हटाए

ज्ञापन में यह भी सवाल उठाया गया है कि क्या ठेकेदार को रेलवे परिसर में इस प्रकार बेरीकेडिंग लगाने का अधिकार है। साथ ही, मांग की गई है कि केवल अधिकृत पार्किंग स्थल पर ही शुल्क वसूली की अनुमति दी जाए और वसूली करने वाले सभी व्यक्तियों के लिए पहचान पत्र तथा पुलिस सत्यापन अनिवार्य किया जाए। जनप्रतिनिधियों ने अवांछित तत्वों को स्टेशन परिसर में पार्किंग शुल्क वसूली से तत्काल हटाने तथा ठेकेदार द्वारा लगाए गए सभी अवैध बेरीकेड्स को तुरंत हटाने की मांग की है।

### एक नजर में

## देश को नशामुक्त बनाने 6 हजार किमी . पदयात्रा कर नगर में पहुंचे असम के पल्लव देव



अनूपपुर, नवभारत। देश को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ असम से पदयात्रा पर निकले युवक पल्लव देव शनिवार को अनूपपुर पहुंचे। लगभग 6 हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर चुके पल्लव अपनी यात्रा के 301वें दिन जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां स्थानीय नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने जिला जेल पहुंचकर बंदियों को नशामुक्ति का संदेश दिया और समाज से नशे से दूर रहने की अपील की। असम के श्रीभूमि जिले के रानीबाड़ी गांव निवासी 25 वर्षीय स्नातक पल्लव देव ने 5 मई 2025 को अपनी पदयात्रा शुरू की थी। उनका बचपन से भारतीय सेना में जाकर देश सेवा करने का सपना था, लेकिन परिस्थितियों के चलते यह सपना पूरा नहीं हो सका।

## वंशिका केसरवानी बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट



**अनूपपुर,नवभारत।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी शिवकुमार केसरवानी की होनहार बेटी कुमारी वंशिका केसरवानी ने अपनी कड़ी मेहनत,दृढ़ संकल्प और अथक लगन के बल पर चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर अनूपपुर सहित जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से पूरे समाज और व्यापारी वर्ग में खुशी की लहर दौड़ गई है ।परिवार की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शुभकामनाओं का तांता लग गया है। वंशिका ने अपने समर्पण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम से यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची लगन और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी यह सफलता युवा पीढ़ी के लिए एक सशक्त प्रेरणा बनेगी। उन्होंने अपने परिवार का नाम रोशन किया है। समाज के वरिष्ठ लोगों ने इसे न केवल परिवार बल्कि पूरे अनूपपुर शहर के लिए गर्व का विषय बताया है। समाज के कई गणमान्य लोगों ने वंशिका केसरवानी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## शांति, सौहार्द और सतर्कता के साथ मनाएं होली



**भालूमाड़ा थाना में शांति समिति बैठक आयोजित**

**जमुना-कोतमा 2 मार्च।** आगामी होली पर्व को शांति, सौहार्द और पारस्परिक भाईचारे के साथ मनाने के उद्देश्य से भालूमाड़ा थाना परिसर में व्यापक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ सिंह मरकाम के निर्देशन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विपुल शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर के जनप्रतिनिधि, विभिन्न वार्डों के पार्षद, धार्मिक आयोजनों के संचालक, डीजे संचालक, व्यापारी, पत्रकारगण तथा दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने, आपसी सद्भाव बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

### हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि शराब पीकर हुड़दंग करने, नशे में वाहन चलाने, जबरन रंग लगाने तथा सार्वजनिक स्थानों पर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। दोपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी बैठाने, खतरनाक स्टंट करने तथा गहरे नदी-नालों में जाने से बचने की भी सलाह दी गई।

### संवेदनशील स्थलों पर रहेगी पुलिस की विशेष निगरानी

बैठक में समाजसेवी मृगेंद्र सिंह एवं पत्रकार संतोष चौरसिया ने महत्वपूर्ण सुझाव रखते हुए कहा कि होलिका दहन एवं रंगोत्सव के दौरान संवेदनशील स्थलों की पूर्व पहचान कर वहां विशेष पुलिस निगरानी एवं अतिरिक्त बल की तैनाती की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को प्रभावी बनाया जाए, अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई हो। अंत में सभी ने एकजुट होकर होली पर्व को प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता के साथ मनाने का संकल्प लिया।

## होली पर नगर में भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

**अनूपपुर, नवभारत।** होलिका दहन एवं रंगोत्सव के मद्देनजर शहर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस प्रशासन ने विशेष कदम उठाए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस ने नगर सीमा क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाने का निर्णय लिया है। जारी आदेश के अनुसार 2 एवं 3 मार्च को रात्रि 12 बजे तक शहर की सीमा में सभी प्रकार के भारी वाहनों जैसे ट्रक, डंपर और ट्रेलर का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में पूर्व में दी गई सभी प्रकार की छूट और अनुमतियां भी निरस्त मानी जाएंगी। प्रशासन का कहना है कि होलिका दहन कार्यक्रम रात्रि में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने के कारण भीड़-भाड़ और मार्ग अवरोध की संभावना रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। रात्रि 12 बजे के बाद शहर की स्थिति की समीक्षा कर आगे की व्यवस्था तय की जाएगी। हालांकि आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन तथा शासकीय आवश्यक आपूर्ति से जुड़े वाहनों को जरूरत अनुसार अलग से अनुमति दी जाएगी।



## प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने बारात से खोजकर विद्यार्थी को दिलाई परीक्षा

**जैतहरी नवभारत 2 मार्च।** माध्यमिक विद्यालय बर्री, विकासखंड जैतहरी में कक्षा 8वीं के छात्र प्रदीप बैगा को वार्षिक संस्कृत परीक्षा में सम्मिलित कराने के लिए विद्यालय परिवार ने सराहनीय प्रयास किया।

परीक्षा के दिन विद्यालय में दर्ज 15 विद्यार्थियों से संपर्क किया गया, जिनमें प्रदीप अनुपस्थित पाया गया। संपर्क करने पर प्रदीप की माता ने जानकारी दी कि वह गांव से बम्हनी जा रही एक बारात में चला गया है, इसलिए परीक्षा में उपस्थित नहीं हो पाएगा। यह सूचना विद्यालय प्रबंधन के लिए चिंताजनक थी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डीआर बांधव ने इसे अपनी जिम्मेदारी मानते हुए शिक्षिका गीता और शिक्षक ऋषिकांत के साथ मिलकर प्रदीप की तलाश शुरू की। बारात की गाड़ी और आसपास काफी खोजबीन के बाद भी जब वह नहीं मिला, तो एक पूर्व विद्यार्थी ने सूचना दी कि प्रदीप बारात में ही कहीं मौजूद है। अंततः प्रधानाध्यापक डी आर बांधव स्वयं बाराती बस में चढ़े और देखा कि प्रदीप एक सीट के पीछे चुपचाप छिपकर बैठा हुआ है। उसे समझाकर बस से उतारा गया और शिक्षक ऋषिकांत के साथ मोटरसाइकिल से परीक्षा केंद्र पहुंचाकर समय पर संस्कृत की परीक्षा में सम्मिलित कराया गया।

माउंटेन ट्रैक | अमरकंटक माउंटेन ट्रैक का दूसरा दिन, ट्रैकर दल ने जोहिला के जलभराव क्षेत्र और घने वनों के बीच ट्रैकिंग की

# जोहिला की वादियों और सघन वनों के बीच रोमांच का अद्भुत अनुभव

**अनूपपुर, नवभारत 2 मार्च। जिला प्रशासन और इंडियाहाइक्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अमरकंटक वॉटरफॉल माउंटेन ट्रैक के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने प्रकृति के रोमांचक और अनछुए स्वरूप का सजीव अनुभव किया। ट्रैक का दूसरा पड़ाव जोहिला डैम और उसके आसपास के सघन वन क्षेत्रों में केंद्रित रहा।**

सुबह ट्रैकर दल ने जोहिला के जलभराव क्षेत्र और विंध्य पर्वतमाला के घने वनों के बीच ट्रैकिंग की। जल और हरियाली के अद्भुत संगम ने प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ट्रैकर्स ने इस रूट को अंतरराष्ट्रीय स्तर के ट्रैकिंग अनुभव के समकक्ष बताया। उन्होंने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र की जैव-विविधता, शांत वातावरण और प्राकृतिक संरचना इसे एक आदर्श इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाती है।



### ग्रीन ट्रेल्स और जीरो वेस्ट का किया पालन

कलेक्टर हर्षल पंचोली की मंशा के अनुरूप दूसरे दिन भी जीरो वेस्ट नीति का सख्ती से पालन किया गया। इंडियाहाइक्स के दल प्रमुख अंकित कुमार के नेतृत्व में ट्रैकर्स ने न केवल अपना कचरा वापस लाया, बल्कि मार्ग में मिले अन्य अजैविक कचरे को भी एकत्रित कर 'ग्रीन ट्रेल्स' अभियान को मजबूती दी। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिभागियों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### अगला पड़ाव पडौना वॉटरफॉल

ट्रैक का अगला चरण पडौना वॉटरफॉल की ओर होगा, जहाँ प्रतिभागी भव्य जलप्रपात के बीच प्रकृति की अनुपम छटा का आनंद लेंगे। 3 मार्च को संपन्न होने वाली यह यात्रा अनूपपुर जिले को एडवेंचर टूरिज्म के मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### स्थानीय गाइडों को मिला रोजगार का नया अवसर

ट्रैकिंग के दौरान स्थानीय गाइडों ने प्रतिभागियों को क्षेत्र की वनोषधियों, भौगोलिक विशेषताओं और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की जानकारी दी। प्रशासन की इस पहल से स्थानीय स्तर पर सकारात्मक माहौल बना है, क्योंकि ऐसे आयोजनों से होम-स्टे, गाइड सेवा और स्थानीय उत्पादों के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

## पुलिस ने किये 6 जुआरी गिरफ्तार, मुख्य फड़बाज विजय गौतम दबोचा गया

**बदरा/जमुना नवभारत 2 मार्च।** फुनगा चौकी अंतर्गत कोलमी एवं आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से संचालित जुआ अड्डे पर शनिवार रात पुलिस ने दबिश देकर छह जुआरियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान मुख्य फड़बाज विजय गौतम को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके कुछ साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए ।पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि कोलमी गांव के पास जंगल एवं झिटकू नाला किनारे जुए का फड़ सजाया जा रहा है। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की। मौके पर ताश के पत्तों पर दांव लगाते जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में विजय गौतम, मूलचंद्र केवट, राकेश मिश्रा, अश्वनी शहीस, मोहनलाल पटेल एवं शिवकुमार उर्फ गोलू कुशवाहा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2,380 रुपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं।


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद् कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Office: Municipal Council Kotma Dt-Anuupur (M.P.) Email-cmokotma@mpurban.gov.in (07658)233260

क्रमांक-672/न.पा. / लो.नि./ नि.सू./2025-26 **निविदा सूचना** कोतमा, दिनांक 26/02/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_484984_1 26/02/2026 | वार्ड क्र. 07 लच्छू चौधरी से प्रभु चौधरी के घर तक आर.सी.सी नाली निर्माण। | 04 माह 225494.00 | 2000.00 2260.00 | 16/03/2026 |
| 2. | 2026_UAD_484981_1 26/02/2026 | वार्ड क्र. 02 धर्मेन्द्र वर्मा से सोनू सायकल तक आर.सी. सी नाली निर्माण। | 04 माह 236750.00 | 2000.00 2370.00 | 16/03/2026 |
| 3. | 2026_UAD_484980_1 26/02/2026 | वार्ड क्र. 05 विजय कोटवानी से सचिन गुप्ता के घर तक आर.सी.सी नाली निर्माण। | 04 माह 160184.00 | 1000.00 3205.00 | 16/03/2026 |
| 4. | 2026_UAD_484979_1 26/02/2026 | वार्ड क्र. 09 सकुन बाई से मीरा बाई के घर तक आर.सी.सी नाली निर्माण। | 04 माह 227112.00 | 2000.00 2275.00 | 16/03/2026 |
| 5. | 2026_UAD_484978_1 26/02/2026 | वार्ड क्र. 02 धर्मेन्द्र वर्मा से सोनू सायकल तक पेवर ब्लाक फिक्सिंग कार्य। | 04 माह 355117.00 | 2000.00 3555.00 | 16/03/2026 |

नोट निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कोतमा जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**